## दीन दयाल उपाध्याय

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## सैदाबाद, प्रयागराज




(सम्बद्ध) - प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
फोन/फैक्स : 05332-289232, ई-मेल : principalgdc.saidabad@gmail.com
Website : www.ddugdcsaidabad.ac.in




# प्रवेश विवरणिका एवं प्रवेश आवेदन पत्र

₹50

# महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव



# दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## सैदाबाद, प्रयागराज-221508

ONLINE ADMISSION OPEN 2025-26

Online Admission Click Here

www.ddugdcsaidabad.ac.in

## संचालित कोर्स

**बी. ए.** – हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाज शास्त्र, शारीरिक शिक्षा

**एम. ए.** – हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र

**बी. एससी.** – वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा

**एम. एससी.** – वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान

**बी. कॉम.**

संपर्क सूत्र -9415690511, 9415157281

प्राचार्य
प्रो आशीष जोशी

महत्वपूर्ण निर्देश

### Apply for Admission Session-2025-26

**ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म भरने हेतु शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश- *ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म भरने से पूर्व इनका अध्ययन भली भाँति कर लें।**

1. **प्रथम चरण- 50-/ पचास रुपये पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने के लिए यहां स्कैन करें** UPI ID–**worldline.65081817@barodampay**
2. **द्वितीय चरण-** शिक्षार्थी द्वारा **पंजीकरण करना** है।**पंजीकरण** पूर्ण करने के उपरान्त अपने **पंजीकृत ईमेल आई-डी** से प्रवेश फार्म का प्रिंट निकालना है। *शिक्षार्थी किसी भी अवस्था में **दोबारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ना करे** यदि फॉर्म में कोई संसोधन हो तो निराकरण हेतु **चयनित कोर्स के प्रवेश समन्वयक** से सम्पर्क करें ।
3. **तृतीय चरण-** प्रिन्टेड प्रवेश फार्म के साथ छः माह के अन्दर की 2 रंगीन फोटो, समस्त शैक्षणिक अंकपत्र, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मूलप्रति तथा स्थानांतरण प्रमाण पत्र (TC) एवं चरित्र प्रमाण पात्र की मूलप्रति के साथ **चयनित कोर्स के समन्वयक** के समक्ष उपस्थित हो।
4. **चतुर्थ चरण-** प्रवेश समिति से निर्धारित **आवेदन शुल्क** **Fee Payment** पर क्लीक कर जमा करें और चालान फॉर्म की प्रिंटआउट सम्वन्धित प्रवेश समिति के पास जमा करे ।
5. **पंचम चरण – शिक्षार्थी प्रवेश शुल्क जमा करने के पश्चात अपना रजिस्ट्रेशन ABC ID एवं डिजीलॉकर (DigiLocker) पर अवश्य कराएं।**
6. शिक्षार्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन से सम्बन्धित सभी जानकारियाँ **सूचना विवरणिका** से प्राप्त कर सकते हैं।
7. **प्रवेशार्थी को प्रवेश के समय ही अपने विषय (प्रवेश समिति द्वारा अनुमोदित) लेने होंगे। प्रवेश के बाद विषय परिवर्तन की अनुमति किसी भी दशा में नहीं होगी।**
8. **प्रवेश देने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को है। प्राचार्य द्वारा बिना कारण बताये प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।**
9. **निर्धारित तिथि तक शुल्क न जमा करने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।**
10. शिक्षार्थी अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु **चयनित कोर्स के प्रवेश समन्वयक** से सम्पर्क करें या नम्बर **9415690511** पर अपनी समस्या का समाधान माँगे।

## STEP-01
## Scan Here to Pay 50-/ Rupees Registration Fee

**UPI ID: worldline.65081817@barodampay**

**Merchant ID: GOVT DEGREE COLLEGE SAIDABAD**

## STEP-02
## Scan Here For Online Registration

**https://ddugdcsaidabad.ac.in/index.php/online-registration-form/**

## STEP-03
## Scan Here to Pay Admission Fee

## प्राचार्य की कलम से

गंगा-यमुना-सरस्वती की पावन धरती पर स्थित यह महाविद्यालय प्रयागराज-वाराणसी जी.टी. रोड पर प्रयागराज से लगभग 30 किमी दूर स्थित है। उच्च शिक्षा के इस मन्दिर की स्थापना का उद्देश्य यहाँ अध्ययनरत युवाओं का सर्वांगीण विकास करना है।

ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह महाविद्यालय क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशने एवं निखारने का कार्य करता है। कला तथा विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर एवं वाणिज्य में स्नातक पाठ्यक्रम होने के साथ-साथ प्रयोगशाला के समस्त आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित इस महाविद्यालय में पुस्तकालय भी है जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं व पुस्तकों से परिपूर्ण है। उत्कृष्ट शिक्षण एवं समय-समय पर राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक, पर्यावरणीय कार्यशालाओं तथा संगोष्ठियों का आयोजन करके विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन एवं उनके अन्दर छिपी प्रतिभा का विकास किया जाता है।

महाविद्यालय को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में प्राध्यापकों की प्रतिभा, लगनशीलता एवं अनुशासन का सम्मिलित योगदान होता है। इस महाविद्यालय में अध्ययन कार्य कर रहे समस्त प्राध्यापक योग्य एवं उच्च शिक्षित हैं। वे अपने अथक परिश्रम व अनुभव द्वारा छात्र-छात्राओं का निरन्तर अपेक्षित मार्गदर्शन एवं ज्ञानवर्द्धन कर रहे हैं।

प्रस्तुत विवरणिका में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं शासन द्वारा निर्देशित नियम-निर्देशों, अनुशासन एवं गतिविधियों का पालन करते हुए प्रत्येक विद्यार्थी अनुशासित रह कर उत्तम जीवनशैली को अपनाकर चहुंमुखी विकास करे। मानवता एवं सामाजिकता की भावना से परिपूर्ण होकर विद्यार्थी अनुशासित रह कर उत्तम जीवनशैली को अपनाकर चहुमुखी विकास करे। मानवता एवं सामाजिकता की भावना से परिपूर्ण होकर विद्यार्थी जीवन की समस्त भूमिकाओं में खरे उतरें एवं स्वयं के व अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ा सके।

इस महाविद्यालय में सभी नव-प्रवेशार्थी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिवार की ओर से अनंत शुभकामनाएं एवं शुभाशीष।

**प्रो. आशीष जोशी**
प्राचार्य

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| ONLINE FORM APPLY | 01 जून 2025 से प्रारम्भ https://ddugdcsaidabad.ac.in |
| पूरित फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि |
| प्रवेश प्रारम्भ | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि |
| प्रवेश की अन्तिम तिथि | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि |

**विशेष :** बी.ए., बी.एस-सी. (बायो/मैथ), बी.कॉम. तथा एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास) तथा एम.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। विभिन्न संकायों की सीट पूर्ण हो जाने पर प्रवेश अन्तिम तिथि से पूर्व कभी भी बन्द हो सकता है। किसी भी तिथि में परिवर्तन की सूचना नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाएगी। उससे अवगत होना छात्र-छात्राओं के स्वयं का दायित्व होगा।

# महाविद्यालय : एक परिचय

दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1999 में तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक एवं उच्च शिक्षा मंत्री, उ.प्र. सरकार, माननीय डॉ. राकेशधर त्रिपाठी के अथक प्रयास से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई। तत्समय स्नातक स्तर पर बी.ए. एवं बी.एस-सी. तथा वर्ष 2007 में स्नातक स्तर पर बी.कॉम. एवं परास्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं इतिहास तथा विज्ञान संकाय में जन्तु, वनस्पति, भौतिकी, रसायन एवं गणित में कक्षाएँ प्रारम्भ हुई। महाविद्यालय वर्तमान में प्रो. राजेन्द्र सिंह उर्फ रज्जू भय्या विश्वविद्यालय, प्रयागराज से सम्बद्ध है तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अधिनियम की धारा 2 एफ एवं 12 बी के अन्तर्गत अनुमोदित है।

ग्रामीण अंचल का यह महाविद्यालय प्रयागराज/वाराणसी जी.टी. रोड पर प्रयागराज से 30 किमी. की दूरी पर पवित्र पावन त्रिवेणी प्रयाग एवं सांस्कृतिक नगरी वाराणसी के मध्य स्थित है। महाविद्यालय में कला एवं विज्ञान संकाय की कक्षाएँ स्नातक स्तर पर संचालित है। महाविद्यालय में शिक्षण एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों के साथ ही छात्र-छात्राओं के रोजगार हेतु कॅरियर गाइडेंस सेल, छात्राओं की सुरक्षा हेतु महिला हेल्पलाइन तथा गरीब एवं असहाय छात्र-छात्राओं के हेतु शासन की छात्रवृत्ति एवं फीस प्रतिपूर्ति तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सुविधा उपलब्ध है।

महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 27 अगस्त 2021 को ''लैंगिक उत्पीड़न उन्मूलन में विशाखा गाईडलाइन के महत्वपूर्ण आयाम'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत ही दिनांक 02 सितम्बर 2021 को The Impact of Policy Politics and Law on the the Journey From Sabdhyata to Shakti विषय पर वेबीनार का आयोजन हुआ मुख्य वक्ता डॉ. अन्नानाथ गांगुली ने बताया कि सभ्य समाज में आज भी लैंगिक भेद ठीक नहीं है। दिनांक 3 सितम्बर 2021 को न्यूट्रिशन एण्ड हेल्थ विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ. नीतू सिंह एसोसिएट प्रोफेसर हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय नैनी प्रयागराज ने बताया कि शारीरिक रूप से स्वस्थ महिला ही राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकती है।

दिनांक 7 सितम्बर 2021 को ''वुमंस रोल माडल'' विषय पर वेबीनार का आयोजन हुआ। डॉ. सृष्टि पुरवार प्रो0 इलाहाबाद विश्वविद्यालय इस वेबीनार की मुख्य वक्ता थी। दिनांक 25 सितम्बर 2021 को शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में योग प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इसमें अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य श्री अजय पाठक ने छात्र-छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया।

दिनांक 14 अप्रैल 2022 को अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला जागरूकता एवं सुरक्षा हेतु प्राचार्य प्रो0 आशीष जोशी ने सभी को शपथ दिलाई। डॉ. श्री प्रकाश ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जीवन एवं राष्ट्र को दिये गये उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# पाठ्य विषय

| | |
|---|---|
| कला संकाय (बी.ए.) | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों की संख्या 360 |

**वैकल्पिक विषय**

1. संस्कृत साहित्य
2. हिन्दी साहित्य
3. अंग्रेजी साहित्य
4. राजनीति विज्ञान
5. इतिहास
6. समाजशास्त्र
7. शारीरिक शिक्षा

**नोट :** प्रवेशार्थी उपर्युक्त में से तीन विषयों का चयन करेगा परन्तु साहित्य विषय दो से अधिक नहीं ले सकते हैं।

| **कला संकाय** (एम.ए.) (प्रथम सेमेस्टर) | प्रत्येक विषय में सीटों की संख्या |
|---|---|
| 1. हिन्दी | 60 |
| 2. राजनीति विज्ञान | 60 |
| 3. समाजशास्त्र | 60 |
| 4. इतिहास | 60 |

| **विज्ञान संकाय** (बी.एस-सी.) (गणित वर्ग) | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों की संख्या 120 |
|---|---|

1. भौतिक विज्ञान
2. गणित
3. रसायन विज्ञान/शारीरिक शिक्षा

| **बी.एस-सी.** (बायो वर्ग) | सीटों की संख्या 120 |
|---|---|

1. जन्तु विज्ञान
2. वनस्पति विज्ञान
3. रसायन विज्ञान/शारीरिक शिक्षा

| **एम.एस-सी. विज्ञान संकाय** (प्रथम सेमेस्टर) | प्रत्येक विषय में सीटों की संख्या |
|---|---|
| 1. भौतिक विज्ञान | 60 |
| 2. रसायन विज्ञान | 60 |
| 3. गणित | 60 |
| 4. जन्तु विज्ञान | 60 |
| 5. वनस्पति विज्ञान | 60 |
| **वाणिज्य संकाय** (बी.कॉम.) | 240 सीट |

**नवीन पाठ्यक्रमः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के अन्तर्गत नवीन पाठ्यक्रम विगत सत्र 2021-22 से स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में लागू है। स्नातक प्रथम वर्ष में 3 मुख्य विषय लेने के साथ 01 माइनर/इलेक्टिव विषय, 02 सह-पाठ्यक्रम विषय एवं 02 कौशल विकास विषय लेना अनिवार्य हैं। न्यूनतम समाज पाठ्यक्रम के अन्तर्गत माइनर/इलेक्टिव विषय, अनिवार्य सह-पाठ्यक्रम विषय, कौशल विकास/ रोजगार-परक विषय के चयन व सीट की उपलब्धता हेतु जानकारी संबंधित प्रवेश समितियों द्वारा प्रदान की जायेगी। NEP 2020 के तहत स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर क्रमशः प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर में तीन सतत् आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा (CIE) में प्रत्येक छात्र-छात्रा को सम्मिलित होना अनिवार्य है।

# प्रवेश सम्बन्धी नियम

1. प्रवेश नियमावली एवं आवेदन पत्र रु. 50 नगद जमा करने पर महाविद्यालय कार्यालय से प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। सीट पूर्ण हो जाने पर प्रवेश अन्तिम तिथि से पूर्व कभी भी बन्द हो सकता है।
2. उ.प्र. सरकार एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर बी.ए. के लिए कुल छात्र/छात्राओं की निर्धारित संख्या 360 है, बी.एस-सी. के लिए 240 है तथा बी.कॉम. के लिए 240 है। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रत्येक विषय में 60 सीट निर्धारित है। योग्यता सूची के अनुसार ही विभिन्न विषयों में प्रवेश दिया जायेगा। स्नातक तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश NEP 2020 के अनुसार होगा।
3. प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए इण्टरमीडिएट में कम से कम 40 प्रतिशत, बी.एस-सी. प्रथम वर्ष हेतु 45 प्रतिशत, बी.कॉम. प्रथम वर्ष हेतु 40 प्रतिशत अंक होने अनिवार्य है। एम.ए. प्रमि वर्ष में प्रवेश हेतु बी.ए. में न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा एम.एस-सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु बी.एस-सी. में 45 प्रतिशत अंक (सैद्धान्तिक) होना चाहिए। सभी कक्षाओं, विषयों में अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रवेशार्थी के लिए केवल उत्तीर्णांक ही आवश्यक है।
4. विश्वविद्यालय के अनुसार स्नातक प्रवेश हेतु स्नातक स्तर पर केवल दो वर्ष का गैप एवं स्नातकोत्तर स्तर पर केवल दो वर्ष का गैप मान्य होगा। ऐसे अभ्यर्थी को अन्तराल अवधि का अन्तराल हेतु नोटरी का शपथपत्र (एफिडेविट) संलग्न करना होगा।
5. अनुशासनहीन विद्यार्थियों का प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
6. किसी प्रवेशार्थी का प्रवेश बिना कारण बताए हुए प्राचार्य निरस्त या अस्वीकार कर सकते हैं।
7. उ.प्र. राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अनुच्छेद 8 की धारा 45, उपधारा (4) के अन्तर्गत उस छात्र/छात्रा को जिसका व्यवहार एवं कार्य संदिग्ध व असंतोषजनक है, महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।
8. उ.प्र. राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 69 के अन्तर्गत किसी न्यायालय को विश्वविद्यालय और प्राचार्य द्वारा निर्धारित प्रवेश सम्बन्धी नियमों के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।
9. प्रवेशार्थी भलीभाँति विचार करके विषय का चयन करें तथा परीक्षा फार्म में वही विषय भरें जिसमें इनकी रुचि हो। परीक्षा फार्म भरने के पश्चात् विषय परिवर्तन संभव नहीं होगा।
10. शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमावली के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं का प्रवेश लिया जायेगा।
11. स्नातक स्तर पर साहित्यिक विषयों हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत में से दो से अधिक विषय नहीं लिये जा सकते।
12. बी.ए./बी.एस-सी. के अभ्यर्थी वैकल्पिक विषयों में से तीन विषयों का चयन कर सकते हैं और तृतीय वर्ष में पूर्व पठित तीन विषयों में से किन्हीं दो विषयों का चयन कर सकते हैं।
13. किसी कक्षा में प्रवेश लेकर उसकी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होना अथवा परीक्षा छोड़ देने वाले विद्यार्थी का पुनः उसी कक्षा में अथवा अन्य संकाय की कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
14. संकाय अथवा विषय बदलकर उसी कक्षा में पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिसकी परीक्षा विद्यार्थी एक बार उत्तीर्ण कर चुका हो।
15. जिस छात्र पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा चल रहा हो या दंड प्राप्त हुआ है उसे प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
16. स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए योग्यता अनुक्रमणिका (इण्डेक्स) का निर्माण इण्टरमीडिएट परीक्षा के प्राप्तांक के अनुसार किया जायेगा तथा स्नातकोत्तर (कला) स्तर पर मेरिट इण्डेक्स इण्टरमीडिएट व स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक (जिसमें सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों के अंक ही जोड़े जायेंगे) के आधार पर किया जायेगा। इस महाविद्यालय एवं इस महाविद्यालय से सम्बन्धित विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिभार दिया जायेगा।
17. गलत सूचना देने अथवा किसी तथ्य को छिपाने पर या अन्य त्रुटिपूर्ण कारणों से हुए प्रवेश को निरस्त कर दिया जायेगा तथा जमा किया हुआ शुल्क आदि भी वापस नहीं किया जायेगा।
18. शासन तथा विश्वविद्यालय द्वारा समस्त छात्र/छात्राओं की कक्षाओं में उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य है।

**आवेदन पत्र निम्नलिखित संलग्नक सहित निर्धारित तिथि तक ही कार्यालय में स्वीकार किये जा सकेंगे।**

1. हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक परीक्षा के अंक पत्र की छाया प्रति (स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशार्थियों के लिए स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के अंक पत्रों की छाया प्रति लगाना अनिवार्य होगा।
2. हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक परीक्षा के प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
3. आरक्षित वर्ग के प्रवेशार्थी के लिए जाति प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित प्रति। (क्षेत्र के उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा निर्गत)
4. व्यक्तिगत इण्टरमीडिएट एवं स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों को किसी राजपत्रित अधिकारी/एम.पी./एम.एल.ए./एम.एल.सी./नगर पालिका अध्यक्ष/जिला पंचायत अध्यक्ष/टाउन एरिया अध्यक्ष द्वारा नवीनतम चरित्र प्रमाण-पत्र की मूल प्रति देना होगा।
5. विकलांग प्रवेशार्थियों द्वारा विकलांगता प्रमाण-पत्र देना होगा।
6. अन्य प्रमाण-पत्र अभ्यर्थी जिसका लाभ लेना चाहता है, उदाहरणार्थ- राज्य स्तर का खेलकूद प्रमाण-पत्र, एन.सी.सी. 'सी' अथवा 'बी' प्रमाण-पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पुत्र/पुत्री/नाती/पोता होने का प्रमाण-पत्र।
7. अभिभावक का नवीनतम आय सम्बन्धी प्रमाण-पत्र।
8. प्रवेशार्थी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
9. प्रवेशार्थी के बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति।

- प्रवेश आवेदन पत्र के साथ समस्त संलग्नक मजबूत धागे से संलग्न करें।
- अपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रवेश प्रारम्भ होने पर अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण-पत्रों के साथ **प्रवेश समिति के समक्ष निश्चित तौर पर स्वयं ही उपस्थित होगा।** प्रवेश के समय चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति (अन्तिम संस्था द्वारा निर्गत), स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (टी.सी.) की मूल प्रति एवं स्नातकोत्तर (एम.ए./एम.एस-सी.) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले प्रवेशार्थी को माइग्रेशन सर्टिफिकेट (प्रवजन प्रमाण पत्र) की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। प्रवेश समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

## छात्र-छात्राओं के लिए विशेष निर्देश

1. समय-समय पर दी जाने वाली महत्वपूर्ण सूचना के लिए विद्यार्थी अपने प्राध्यापको के सम्पर्क में रहें, सूचनापट्ट का अवलोकन करते रहें, एवं सम्बंधित विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से सम्बद्ध रहें।
2. इस महाविद्यालय में पूर्णतः नकल विहीन परीक्षा करायी जाती है।
3. महाविद्यालय परिसर में शोर मचाना, चिल्लाना, सीटी बजाना, मोबाइल पर गाने बजाना, वाद्ययन्त्र बजाना, धूम्रपान करना, शिक्षण कक्षों के दरवाजे खटखटानाा, व्याख्यान कक्षों से अथवा अन्य कहीं से कुर्सी लेकर बाहर बैठना, दीवालों पर थूकना गम्भीर अनुशासनहीनता है। ऐसे अनुशासनहीन आचरण के लिए छात्र/छात्राओं को निष्कासित किया जा सकता है।
4. परिचय-पत्र खो जाने की स्थिति में नया परिचय-पत्र प्राप्त करने के लिए परिचय-पत्र खोने की सूचना निकटस्थ थाने को दें तथा 10 रूपये के नोटरी हलफनामे (नाम जूडिशियल) पर शपथ पत्र प्रस्तुत करें तथा 100 रूपये महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर नया परिचय-पत्र प्राप्त करें।
5. महाविद्यालय में अध्ययन के उपरान्त महाविद्यालय छोड़ने के तीन वर्ष के अन्दर छात्र-छात्राएँ काशन मनी प्राप्त करने हेतु आवेदन करके धनराशि प्राप्त कर लें। अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# शिक्षणेत्तर क्रिया कलाप

महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक पाठ्येत्तर क्रिया-कलाप संचालित किये जाते हैं, जिसमें छात्र/छात्राओं की अधिकतम भागीदारी अपेक्षित होती है।

## क्रीड़ा परिषद

छात्र/छात्राओं के शारीरिक विकास हेतु क्रीड़ा परिषद के माध्यम से एथलेटिक्स (फील्ड एण्ड ट्रैक) एवं टीम गेम्स की व्यवस्था की जाती है। क्रीड़ा के क्षेत्र में उत्कृष्ट खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को अन्तर-विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाता है। सफल छात्र/छात्राओं को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया जाता है। महाविद्यालय के 20वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह (21-22 फरवरी 2022) में मुख्य अतिथि डॉ0 एच.एम. पाल (एसो. प्रो0 रसायन विज्ञान), विशिष्ट अतिथि श्री शंकर लाल पटेल वरिष्ठ सहायक द्वारा विजेताओं को मेडल प्रदान किये गए। छात्रा वर्ग में कु0 श्वेता एवं छात्र वर्ग में शुभम द्विवेदी चैंपियन घोषित किये गए। प्राचार्य प्रो0 आशीष जोशी की अध्यक्षता में आख्या क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 राम भूषण मिश्र ने प्रस्तुत की।

## रोवर्स/रेंजर्स टीम

छात्र/छात्राओं के रचनात्मक कार्यों व सामूहिक कार्य - कौशल को समाज व राष्ट्र हित की गतिविधियों में प्रेरित करने हेतु सत्र 2020-21 के रोवर्स - रेंजर्स के पांच दिवसीय शिविर का संचालय रोवर्स प्रभारी - डॉ0 यशवन्त यादव, रेंजर्स प्रभारी - डॉ0 विशालाक्ष्मी सिंह एवं प्रशिक्षक - श्री के0सी0 श्रीवास्तव द्वारा 03-07 मार्च 2022 में किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परिचर्चा, टेंट निर्माण, शिविर जीवनशैली से अवगत कराने के साथ ही शिविरार्थियों के साथ अभ्यास सत्र भी आयोजित किये गए।

## विभागीय परिषद

प्रत्येक विभाग में एक विभागीय परिषद् होती है। छात्र/छात्राओं में से अनेक पदाधिकारियों का चयन किया जाता है। इनके तत्त्वावधान में वाद-विवाद, निबन्ध, पोस्टर प्रतियोगिताएँ एवं विद्वानों के व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं तथा वार्षिक समारोह में उन्हें पुरस्कार दिए जाते हैं।

विभिन्न विभागों द्वारा छात्र/छात्राओं का फ्रेशर एवं फेयरवेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## स्वच्छता व महाविद्यालय सौन्दर्यीकरण समिति

केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के उद्देश्य से महाविद्यालय में **डॉ0 राम भूषण मिश्र** की अध्यक्षता में एक समिति गठित है जो छात्र/छात्राओं के सहयोग से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से समय-समय पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

## शोध अभिरुचि

परास्नातक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि उत्पन्न करने हेतु **डॉ0 ए0के0 वर्मा** की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयी है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस सत्र में आयोजित सभी संगोष्ठियों में सक्रिय प्रतिभाग किया और अपनी रचनाएँ/पेपर प्रस्तुत किये जिनको राष्ट्रीय/अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविदों ने सराहा।

## महिला शिकायत निवारण समिति

महाविद्यालय में छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ प्राध्यापिका **डॉ0 सीमा जैन** की अध्यक्षता में एक महिला शिकायत निवारण समिति गठित है। इसके अतिरिक्त महिला का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम-2013 के प्रावधानों के अनुसार महाविद्यालय स्तर पर महाविद्यालयी/कार्यालयी आन्तरिक प्रतिवाद समिति का भी गठन किया जा चुका है। आवश्यक हेल्पलाइन नं0 निम्न हैं - **वीमेन पावरलाइन - 1090, महिला हेल्पलाइन - 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन - 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा - 112, चाइल्ड लाइन - 1098, स्वास्थ्य सेवा - 102 तथा एम्बुलेन्स सेवा - 108**

## एन.एस.एस.

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की एक इकाई कार्यक्रम अधिकारी **डॉ. मरूतिशरण ओझा** के नेतृत्व में क्रियाशील है। जिसमे विशेष शिविर में प्रत्येक वर्ष 50 छात्र/छात्राओं का चयन होता है।

## राष्ट्रीय पर्व

महाविद्यालय में सभी राष्ट्रीय पर्वों को हर्षोल्लास से मनाने की परम्परा है इनमें छात्र/छात्राओं की उपस्थिति एवं सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है। इन पर्वों पर उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। इन अवसरों पर विभिन्न प्रेरणादायी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। महापुरुषों की जयन्ती पर विविध प्रकार के कार्यक्रम समारोहक **डॉ. श्याम जी सोनकर** के संयोजकत्व तथा **डॉ. प्रज्ञा** के सह-संयोजकत्व में आयोजित किए जाते हैं।

## वार्षिकोत्सव

महाविद्यालय में दिनांक 15 अप्रैल 2023 को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो सुनन्दा चतुर्वेदी संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा उ0प्र0 तथा विशिष्ट डॉ. शुभा जोशी प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, धनुपुर, हण्डिया प्रयागराज रहीं।

इस अवसर पर विभागगीय परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

## छात्रवृत्ति

उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र/छात्राओं को समाज कल्याण विभाग से प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश के पश्चात ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा उसकी प्रति के साथ शैक्षिक/जाति प्रमाण-पत्र की प्रमाणित फोटोकापी एवं आय प्रमाण-पत्र (केवल एस.डी.एम./तहसीलदार द्वारा निर्गत) की मूल प्रति संलग्न कर महाविद्यालय में जमा करना होगा।

**छात्रवृत्ति उसी छात्र/छात्रा को देय होती है, जिसकी उपस्थिति महाविद्यालय कक्षाओं में 75 प्रतिशत रहती है।** किसी भी छात्र/छात्रा को केवल एक ही प्रकार की छात्रवृत्ति दी जा सकती है।

## पुस्तकालय

1. पुस्तकालय राजपत्रित, स्थानीय तथा सार्वजनिक अवकाशों के अतिरिक्त प्रत्येक कार्य दिवस में खुला रहेगा।
2. प्रवेश शुल्क रसीद पुस्तकालय में प्रस्तुत करके पुस्तकालय सदस्यता पत्रक प्राप्त किया जा सकेगा।
3. पुस्तकालय सम्बन्धी नियमों का पालन न करने पर सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी।
4. उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी।

- Utter Pradesh Higher Education Digital Library (http://heecontent.upsdc.gov.in/Home.aspx
  एवं
- भारतीय राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी - National Digital Library of India (https://iitkgp.ac.in)

के माध्यम से विद्यार्थी अपनी आवश्यकतानुसार शिक्षण सामग्री डाउनलोड करके अध्ययन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट https://www.prsuprayagraj.in पर उपलब्ध ई-लिंक (ई-पाठ्यशाला एवं ई-कन्टेंट) द्वारा भी अतिरिक्त अध्ययन सामाग्री प्राप्त की जा सकती है।

## महाविद्यालय का यूनीफार्म

महाविद्यालय में प्रवेश के उपरान्त छात्र/छात्राओं को यूनीफार्म में आना अनिवार्य है। बिना गणवेष (यूनीफार्म) तथा बिना परिचय-पत्र महाविद्यालय में प्रवेश पूर्ण रूप से निषिद्ध है। महाविद्यालय द्वारा निर्धारित यूनीफार्म निम्नवत् है-

1. छात्र - सफेद शर्ट, स्लेटी/ग्रे पैन्ट (जीन्स नहीं), काला जूता (सर्दी के मौसम में काला स्वेटर/ब्लेजर)
2. छात्रा - स्लेटी/ग्रे कुर्ता, सफेद सलवार (चूड़ीदार नहीं), सफेद दुपट्टा, काला जूता (सर्दी के मौसम में काला स्वेटर/कार्डीगन)
3. कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के लिए प्रतिदिन मास्क व सैनीटाइजर के साथ भैतिक दूरी के नियम का पालन करना अनिवार्य है।

## परिचय पत्र

महाविद्यालय में अनुशासन बनाये रखने के लिये महाविद्यालाय के वरिष्ट प्राध्यापक के नेतृत्व में शास्ता मण्डल गठित है। महाविद्यालय में प्रवेश के तुरन्त पश्यचात महाविद्यालय के मुख्य शास्ता से परिचय-पत्र प्राप्त करना होगा जिसे प्रतिदिन महाविद्यालय में साथ लाना अनिवार्य होगा।

## पत्रिका

महाविद्यालय की ओर से वार्षिक पत्रिका 'निहारिका' का प्रकाशन होता है, जिसका मूल उद्देश्य छात्र/छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को विकसित एवं परिष्कृत करना होता है। प्रधान सम्पादक सूचना निर्गत कर छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों से पत्रिका में प्रकाशनार्थ सामग्री कहानी, कविता, लेख एवं निबन्ध आमंत्रित करता है।

## महत्वपूर्ण समितियाँ

महाविद्यालय में अनुशासन, छात्र/छात्राओं के कल्याण एवं रोजगार हेतु शास्ता मण्डल, छात्र कल्याण समिति एवं रोजगार सलाहकार समिति तथा अन्य समितियाँ महाविद्यालय में क्रियाशील रहती है।

## शुल्क सम्बन्धी अन्य नियम

1. शुल्क रसीद परीक्षा फार्म भरने हेतु सुरक्षित रखना अनिवार्य है। जमा किया गया शुल्क वापस नहीं होगा।
2. यदि शासन/विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश के उपरान्त शुल्क में कोई वृद्धि की जाती है तो ऐसे अन्तर की धनराशि को बाद में जमा करना होगा।
3. छात्र/छात्रा द्वारा प्रयोगशाला में जान बूझकर अथवा असावधानीवश क्षतिग्रस्त उपकरण का मूल्य उसकी काशनमनी से काट लिया जाएगा, किन्तु क्षतिग्रस्त उपकरण का मूल्य अधिक होने पर उसकी राशि छात्र/छात्रा से वसूल की जाएगी।
4. किसी छात्र/छात्रा द्वारा महाविद्यालय की सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने पर उसकी क्षतिपूर्ति काशनमनी से या अलग से की जायेगी।
5. अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष से तीन वर्ष के अन्दर काशनमनी वापस प्राप्त कर लें अन्यथा आपका दावा मान्य नहीं होगा।

# महाविद्यालय के विविध कार्यक्रम



# रोवर्स रेंजर्स एवं विविध कार्यक्रम








For Website & Software Development Visit : www.vedsar.com

# कक्षावार शुल्कविवरण सत्र 2025–26

| स्नातक–वार्षिक शुल्क | | |
|---|---|---|
| कक्षा / वर्ग | सामान्य व पिछड़ीजाति छात्र शुल्क रू0 में | सभीछात्राएँ एवं एस.सी. / एस.टी. छात्र शुल्क रू0 में |
| बी.ए.–I सेमे. | 3482 | 3350 |
| बी.ए.– Iसेमे.शारीरिकशिक्षासहित | 3742 | 3610 |
| बी.ए.– III सेमे. | 3295 | 3163 |
| बी.ए.–IIIसेमे.शारीरिकशिक्षासहित | 3535 | 3403 |
| बी.ए.– V सेमे. | 3895 | 3763 |
| बी.ए.–Vसेमे.शारीरिकशिक्षासहित | 4135 | 4003 |

| | | |
|---|---|---|
| बी.कॉम– Iसेमे. | 3482 | 3350 |
| बी.कॉम–IIIसेमे. | 3295 | 3163 |
| बी.कॉम– Vसेमे. | 3895 | 3763 |

| | | |
|---|---|---|
| बी.एस.सी.–Iसेमे.गणित वर्ग | 3982 | 3850 |
| बी.एस.सी.–Iसेमे.जीवविज्ञानवर्ग | 4222 | 4090 |
| बी.एस.सी.– IIIसेमे.गणित वर्ग | 3775 | 3643 |
| बी.एस.सी.– IIIसेमे.जीवविज्ञानवर्ग | 4015 | 3883 |
| बी.एस.सी.–Vसेमे.गणित वर्ग | 4135 | 4003 |
| बी.एस.सी.–Vसेमे.जीवविज्ञानवर्ग | 4375 | 4243 |

## कक्षावार शुल्कविवरण सत्र 2025–26

| परास्नातक–वार्षिक शुल्क | | |
|---|---|---|
| कक्षा / वर्ग | सामान्य व पिछड़ीजाति छात्र शुल्क रू0 में | सभीछात्राएँ एवं एस.सी. / एस.टी. छात्र शुल्क रू0 में |
| एम.ए.–I सेमे. | 3870 | 3690 |
| एम.एस.सी.–I सेमे. | 4110 | 3930 |
| एम.एस.सी.–I सेमे. गणित | 3870 | 3690 |
| एम.ए.–IIIसेमे. | 4470 | 4290 |
| एम.एस.सी.–IIIसेमे. | 4710 | 4530 |
| एम.एस.सी.–III सेमे. गणित | 4470 | 4290 |

| अन्य महाविद्यालय–वार्षिक शुल्क | | |
|---|---|---|
| कक्षा / वर्ग | सामान्य व पिछड़ीजाति छात्र शुल्क रू0 में | सभीछात्राएँ एवं एस.सी. / एस.टी. छात्र शुल्क रू0 में |
| एम.ए.–I सेमे. | 3907 | 3727 |
| एम.एस.सी.–I सेमे. | 4167 | 3987 |
| एम.एस.सी.–I सेमे. गणित | 3907 | 3727 |

| अन्य विश्वविद्यालय–वार्षिक शुल्क | | |
|---|---|---|
| कक्षा / वर्ग | सामान्य व पिछड़ीजाति छात्र शुल्क रू0 में | सभीछात्राएँ एवं एस.सी. / एस.टी. छात्र शुल्क रू0 में |
| एम.ए.–I सेमे. | 4007 | 3827 |
| एम.एस.सी.–I सेमे. | 4267 | 4087 |
| एम.एस.सी.–I सेमे. गणित | 4007 | 3827 |